रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-25072026-274766
CG-DL-W-25072026-274766

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 23] नई दिल्ली, जुलाई 5—जुलाई 11, 2026, शनिवार/ आषाढ 14—आषाढ 20, 1948
No. 23] NEW DELHI, JULY 5—JULY 11, 2026, SATURDAY/ ASHADHA 14— ASHADHA 20, 1948

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications Issued by the Ministries of the Government of India (Other than the Ministry of Defence)

विदेश मंत्रालय

(प्रशासन प्रभाग)

नई दिल्ली, 12 जून, 2026

सा.का.नि. 118.—उत्प्रवास अधिनियम, 1983 (1983 का 31) की धारा 3, उप-धारा (I) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार श्री जॉन माई संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय को 22 जून 2026 से अगले आदेश तक उत्प्रवासी महासंरक्षक के पद पर नियुक्त करती है।

[फा. सं. क्यू/पीए-1/6610/47/2024]

ऋषा ओबरॉय, अवर सचिव (एफएसपी एवं संवर्ग)

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

(Administration Division)

New Delhi, the 12th June, 2026

G.S.R. 118.—In exercise of the powers conferred by Section 3, Sub Section (I) of the Emigration Act, 1983 (31 of 1983), the Central Government hereby appoints Shri John Mai, Joint Secretary in the Ministry of External Affairs as the Protector General of Emigrants with effect from 22 June 2026 till further orders.

[F. No. Q/PA-I/6610/47/2024]

RISHA OBERAI, Under Secy. (FSP & Cadre)

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 8 जून, 2026

सा.का.नि. 119.— राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, वरिष्ठ निजी सचिव, समूह-'ख' पद भर्ती नियम, 2017, का उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, में वरिष्ठ निजी सचिव के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ - (1)** इन नियमों का संक्षिप्त नाम कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, वरिष्ठ निजी सचिव, (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम 2026 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर –**

उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो उक्त उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) तक में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि -** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं तथा उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता -** वह व्यक्ति -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; अथवा

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा;

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति - जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. व्यावृत्ति - इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

पद का नाम ।	**पदों की संख्या।**	**वर्गीकरण ।**	**वेतन मैट्रिक्स में स्तर ।**	**चयन पद अथवा या पद ।**	**सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा ।**	**सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं ।**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
वरिष्ठ निजी सचिव ।	2* (2026) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित अनुसचिवीय	वेतन मैट्रिक्स स्तर - 8 (रू॰ 47,600 - 1,51,100)	चयन पद ।	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता ।

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं।	**परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो ।**	**भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति / आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता ।**
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता ।	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ।

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
(11)
प्रोन्नति: वेतन मैट्रिक्स में स्तर - 7 (रु॰ 44,900 - 1,42,400) में निजी सचिव जो उस श्रेणी में दो वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुका हो और सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा विहित पर दो से चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया हो; जिसके न हो सकने जो निजी सचिव वेतन मैट्रिक्स में स्तर - 7 (रु॰ 44,900 - 1,42,400) में निजी सचिव, स्तर – 7 और आशुलिपिक ग्रेड-1, स्तर-6 की संयुक्त रूप से छह वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुका हो और सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा विहित पर दो से चार सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो। **टिप्पण-1 :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के

लिए विचार किया जा रहा हो, वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो ।

प्रतिनियुक्ति : केंद्रीय सरकार के अधीन आशुलिपिक संवर्ग के पद धारण करने वाले अधिकारी -

(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हो; अथवा

(ii) जो मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर - 7 या समतुल्य में दो वर्ष नियमित सेवा पूर्ण कर चुका हो।

टिप्पण-1 : पोषक प्रवर्ग को ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे ।

टिप्पण-2 : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पण-3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना ।	**भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा ।**
(12)	**(13)**
समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. संयुक्त निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी - अध्यक्ष; 2. उपनिदेशक (प्रशासन), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी - सदस्य; 3. उपनिदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी - सदस्य ।	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है।

[फा. सं. टी-21011/1/2025 – अकादमी डेस्क]

उमा मगेश, अवर सचिव

MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS

(Department of Personnel and Training)

New Delhi, the 8th June, 2026

G.S.R. 119.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Department of Personnel and Training, the Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie, Senior Private Secretary, Group 'B' Post Recruitment Rules, 2017, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Senior Private Secretary in the Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Department of Personnel and Training, Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie, namely:-

1. **Short title and commencement. –** (1) These rules may be called the Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Department of Personnel and Training, the Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie, Senior Private Secretary, (Group 'B' Post) Recruitment Rules, 2026.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, classification and level in pay matrix. -** The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit and qualification, etc. -** The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification. -** No person,-

   (a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

   (b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

   shall be eligible for appointment to the said post:

   Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax. -** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving. -** Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-Servicemen and other special category of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post.	Number of post.	Classification.	Level in pay matrix.	Whether selection post or non-selection post.	Age-limit for direct recruits.	Educational and other qualifications required for direct recruits.
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**	**(7)**
Senior Private Secretary.	2* (2026) *Subject to variation	General Central Services, Group `B'	Level – 8 in the pay matrix (Rs. 47600-	Selection post.	Not applicable.	Not applicable.

	dependent on work load.	Gazetted, Ministerial.	151100).			

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Period of probation, if any.	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of recruitment by promotion or by deputation/ absorption the grades from which promotion or deputation/absorption to be made.	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.
(8)	**(9)**	**(10)**	**(11)**	**(12)**	**(13)**
Not applicable.	Not applicable.	Promotion failing which by deputation.	**Promotion:** Private Secretary in Level-7 in the pay matrix with two years regular service in the grade and having successfully completed two to four weeks training as prescribed by competent authority; failing which Private Secretary in Level-7 in the pay matrix with six years combined regular service in the grade of Private Secretary, Level-7 in the pay matrix (Rs. 44900-142400) and Stenographer Grade-I, Level-6 in the pay matrix (Rs. 35400-112400) and having successfully completed two to four weeks training as prescribed by competent authority. **Note1:** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their senior shall also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with	Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:- 1. Joint Director, Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie – Chairperson; 2. Deputy Director (Admin.), Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie -Member; 3. Deputy Director, Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie – Member.	Consultation with Union Public Service Commission is not necessary.

			their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. **Deputation:** Officers holding the post Stenographer cadre under the Central Government: (i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre or department; or (ii) with two years regular service in level 7 in the Pay Matrix or equivalent in the parent cadre or department. **Note 1:** The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. **Note 2:** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. **Note 3:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be Not exceeding fifty-six years as on the last date of receipt of applications.		

[F. No. T-21011/1/2025-Acad Desk]

UMA MAGESH, Under Secy.

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)

नई दिल्ली, 3 जुलाई, 2026

सा.का.नि. 120.— राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग भर्ती नियम, 2017 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अर्थ, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन प्रभाग में आर्थिक अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ - (i) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, अर्थ, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन प्रभाग, **आर्थिक अधिकारी** भर्ती नियम, 2025 है।

(ii) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर - उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में उसका स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि - उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हता – वह व्यक्ति,

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति- जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा और शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति- इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	**पदों की संख्या**	**वर्गीकरण**
(01)	(02)	(03)
आर्थिक अधिकारी	14*(2025) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केंद्रीय सेवा, अननुसचिवीय, समूह 'ख', राजपत्रित

वेतन मैट्रिक्स में लेवल	**चयन या अचयन पद।**	**सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा।**
(04)	(05)	(06)
वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (रु.44900-142400).	चयन पद।	30 वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी निर्देशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पांच वर्ष तक

		शिथिल की जा सकती है)। **टिप्पण:** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख संघ लोक सेवा अयोग के विज्ञापन के अनुसार होगी।

सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं
(07)
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अर्थशास्त्र या अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र या व्यावसायिक अर्थशास्त्र या अर्थमिति में स्नातकोत्तर उपाधि। **वांछनीय:-** केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त या सांविधिक निकायों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों में आर्थिक आंकड़ों के संग्रहण, संकलन, व्याख्या में दो वर्ष का अनुभव। **टिप्पणी 1:** अन्यथा सुयोग्य अभ्यर्थियों की स्थिति में, अर्हताओं में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार, कारणों को लिखित रूप में दर्ज करके छूट दी जा सकती है। **टिप्पणी 2:** अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों के संदर्भ में, अनुभव संबंधी योग्यता(एँ) में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार, कारणों को लिखित रूप में दर्ज करके छूट दी जा सकती है, यदि चयन के किसी भी चरण में संघ लोक सेवा आयोग की यह राय हो कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले इन समुदायों से पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं।	**परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।**	**भर्ती की पद्धति:** **भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।**
(8)	**(9)**	**(10)**
आयु: नहीं। शैक्षिक अर्हता: नहीं, परंतु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से अर्थशास्त्र विषय के साथ स्नातक की डिग्री अनिवार्य है।	सीधी भर्ती हेतु दो वर्ष। टिप्पणी: केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित परिवीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए कम से कम दो सप्ताह की अवधि का आज्ञापक प्रवेश प्रशिक्षण होगा।	50% पदोन्नति द्वारा; और 50% सीधी भर्ती द्वारा।

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा।
(11)
पदोन्नति: तकनीकी सहायक (आर्थिक) वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 (रु. 35400-112400) में, इस ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ; और अर्थशास्त्र, मात्रात्मक/गुणात्मक विश्लेषण और कार्यालय प्रक्रिया जैसे आर्थिक अधिकारी पद के कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों से संबंधित कार्य के क्षेत्र में दो सप्ताह की प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है; **टिप्पणी:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों पर, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, पदोन्नति के लिए विचार किया जा रहा है, वहां उनके वरिष्ठ व्यक्तियों पर भी विचार किया जाएगा, बशर्ते कि वे अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा से ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष, जो भी कम हो, कम न हों और उन्होंने अपने उन कनिष्ठ व्यक्तियों के साथ, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति के लिए अपनी

परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना क्या है	
(12)	
विभागीय प्रोन्नति समिति:- **1. अपर सचिव (प्रशासन) या संयुक्त सचिव (प्रशासन) – अध्यक्ष** **2. निदेशक या उप सचिव (कार्मिक) – सदस्य** **3. अवर सचिव (स्थापना IV) - सदस्य**	**विभागीय पुष्टिकरण समिति:** **1. अपर सचिव (प्रशासन) या संयुक्त सचिव (प्रशासन) - अध्यक्ष** **2. निदेशक या उप सचिव (कार्मिक) - सदस्य** **3. अवर सचिव (स्थापना IV) - सदस्य**

भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जाएगा
13
सीधी भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श अपेक्षित है।

[फा.सं. ए.12018/05/2024-ई.IV (ई.154126)]

अजीत कुमार, अवर सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

(Department of Agriculture and Farmers Welfare)

New Delhi, the 3rd July, 2026

G.S.R. 120.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supersession of the Directorate of Economics and Statistics, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Department of Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare Recruitment Rules, 2017, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Economic Officer in the Economics, Statistics and Evaluation Division in the Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Department of Agriculture & Farmers Welfare, namely:-

1. Short title and commencement.- (i) These rules may be called the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Department of Agriculture and Farmers Welfare, Economics, Statistics and Evaluation Division, **Economic Officer** Recruitment Rules, 2025.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and Level in the Pay Matrix. – The number of the said post, its classification and the Level in the Pay Matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. – The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. Disqualification.- No person -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.- Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.- Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	**Number of posts**	**Classification**
(01)	**(02)**	**(03)**
Economic Officer	14* (2025) *Subject to variation dependent on workload	General Central Service, Non-Ministerial, Group 'B', Gazetted,

Pay Level in the Pay Matrix	**Whether Selection post or Non-selection post**	**Age limit for direct recruits**
(04)	**(05)**	**(06)**
Level-7 (Rs.44900-142400) in the pay matrix.	Selection Post	Not exceeding 30 years (Relaxable for Government servants upto five years in accordance with the instructions or orders issued by Central Government). **Note:** The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Union Public Service Commission.

Educational and other qualifications required for direct recruits
(07)
Qualification:- Masters degree in Economics or Applied Economics or Business Economics or Econometrics from a recognized University or Institute. **Desirable:-** Two year experience in Collection, Compilation, Interpretation of Economic data in Central Government/State Government or Union Territories or Public Sector undertaking or Autonomous or Statutory bodies or recognized research institutions. **Note 1:** Qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission, for reasons to be recorded in writing, in case of candidates otherwise well qualified. **Note 2:** The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission, for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes if at any stage of selection the Union Public Service Commission, is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.

Whether age and educational qualification prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	**Period of probation, if any**	**Method of recruitment: Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods**
(08)	**(09)**	**(10)**
Age: No Educational Qualification: No But must possess Bachelor Degree with Economics as a subject from a recognised University or Institute.	Two years for direct recruits. Note: There shall be a mandatory induction training of at least two weeks duration for successful completion of the probation as prescribed by the Central Government.	50% by Promotion; and 50% by Direct Recruitment.

In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grades from which promotion or deputation or absorption to be made
(11)
Promotion: Technical Assistant (Economics) in Level-6 (Rs.35400-112400) in the pay matrix with five years' regular service in the grade; and having successfully completed two weeks training duration in area of work related to duties and responsibilities of Economic Officer post such as Economics, quantitative/qualitative analysis and office procedure; **Note**: Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their senior would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.

If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	
(12)	
<u>Departmental Promotion Committee:-</u> **1. Additional Secretary(Admn) or Joint Secretary (Admn) - Chairman** **2. Director or Deputy Secretary (Personnel) – Member** **3. Under Secretary (Estt. IV) – Member**	**<u>Departmental Confirmation Committee:-</u>** **1. Additional Secretary(Admn) or Joint Secretary (Admn) - Chairman** **2. Director or Deputy Secretary (Personnel) – Member** **3. Under Secretary (Estt.IV) – Member**

Circumstances in which UPSC to be consulted in making recruitment
13
Consultation with Union Public Service Commission necessary while making direct recruitment.

[F.No. A.12018/05/2024-E.IV(E.154126)]

AJIT KUMAR, Under Secy.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 16 जून, 2026

सा.का.नि. 121.— राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए और राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (प्रथम व द्वितीय वर्ग गैर चिकित्सीय राजपत्रित पद) भर्ती नियम, 1976 को, जहां तक उसका संबंध अनुसंधान अधिकारी (पशुचिकित्सा), राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान से है उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, के अधीन राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र में उप सहायक निदेशक (पशुचिकित्सा) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र उप सहायक निदेशक (पशुचिकित्सा) समूह 'क' पदभर्ती नियम, 2026 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर- उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा जो उक्त उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ (2) से स्तम्भ (4) तक में विनिर्दिष्ट है।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि- उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं तथा उससे संबंधित अन्य बातें वे होगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) से स्तम्भ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हता- वह व्यक्ति -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; अथवा

(ख) जिसने अपने पति या (अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद के लिए नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति- जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी भी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति- इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध कराना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	**पदों की संख्या**	**वर्गीकरण**	**वेतन मैट्रिक्स में स्तर**	**चयन पद या अचयन पद**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
उप सहायक निदेशक (पशुचिकित्सा)	1 (2026) *कार्यभार पर आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केंद्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित अननुसचीवीय	वेतन मैट्रिक्स में स्तर स्तर-10 (56100-177500 रुपए)	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा	**सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं**
(6)	(7)
पैंतीस वर्ष की आयु से अधिक नहीं (केंद्रीय सरकार द्वारा जारी अनुदेशों अथवा आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए अधिकतम आयु-सीमा पाँच वर्ष तक शिथिलनीय होगी।) **टिप्पण:** संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा विज्ञापित तारीख आयु सीमा अवधारित करने हेतु निर्णायक होगी।	**अनिवार्यः** (क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से पशु-चिकित्सा विज्ञान अथवा पशु-चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन में स्नातकोत्तर उपाधि; और (ख) सूक्ष्मजीव विज्ञान अथवा जीवाणुविज्ञान अथवा विषाणुविज्ञान अथवा परजीवीविज्ञान के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव **टिप्पण 1:** अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों के संदर्भ में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा लिखित रूप में कारण अभिलेखित करते हुए, अपने विवेकाधिकार से, अर्हताओं में शिथिलता प्रदान की जा सकेगी। **टिप्पण 2:** अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों के संदर्भ में यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग का यह समाधान होता है कि उन समुदायों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने हेतु अपेक्षित अनुभव रखते संबंधित अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा लिखित रूप में कारण अभिलेखित करते हुए, अपने विवेकाधिकार से, अर्हताओं में

	शिथिलता प्रदान की जा सकेगी।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी	**परिवीक्षा अवधि, यदि कोई हो।**	**भर्ती की पद्धति, भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति / आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।**
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	दो वर्ष **टिप्पणः** परिवीक्षा को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा यथाविहित कम से कम दो सप्ताह की अवधि का प्रवेश प्रशिक्षण अनिवार्य होगा।	सीधी भर्ती द्वारा **टिप्पणः** पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किन्हीं अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या उससे अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां, केंद्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेगी: (क) (i) जो नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण किए हुए हैं, अथवा (ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में स्तर-9 (53100-167800 रुपये) में नियमित आधार पर पद पर दो वर्ष की सेवा की हो; और (ख) जो स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव रखते हैं।

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति / आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में, वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति / या प्रतिनियुक्ति / आमेलन किया जाएगा।	**यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना।**	**भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।**
(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता	विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए), जिसमें निम्नलिखित होंगे :- 1. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संबंधित संयुक्त सचिव - अध्यक्ष; 2. संबंधित उप महानिदेशक अथवा निदेशक (एवी) - सदस्य;	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

	3. निदेशक, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र - सदस्य।	

[फा. सं. ए-12018/1/2019-पीआरसी (डीएडी / पशुचिकित्सा)]

अशोक कुमार पाल, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 16th June, 2026

G.S.R. 121.— In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the National Institute of Communicable Diseases, National Filaria Control Programme and National Malaria Eradication Programme (Class I and Class II, Non-medical, Gazetted posts) Recruitment Rules, 1976 in so far as they relate to the post of Research Officer (Veterinary) National Institute of Communicable Diseases, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Deputy Assistant Director (Veterinary) in the National Centre for Disease Control, under the Directorate General of Health Service, Ministry of Health and Family Welfare, namely:

1. Short title and commencement. – (1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, National Centre for Disease Control, Deputy Assistant Director (Veterinary) Group 'A' Post Recruitment Rules, 2026.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of posts, classification and level in pay matrix. – The number of the said post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the said Schedule annexed to these rules.

3. Method of Recruitment, age-limit, qualifications, etc. – The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. Disqualifications – No person,

(a) Who has entered into or contracted a marriage with any person having a spouse living, or

(b) Who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax. - Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving. – Nothing in these rules shall affect, reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Schedule Castes, the Schedule Tribes, the Other Backward Classes, the ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of Post.	**Number of posts.**	**Classification.**	**Level in pay matrix.**	**Whether selection post or non -selection post.**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
Deputy Assistant Director (Veterinary).	1 (2026) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group A, Gazetted, Non-Ministerial.	Level-10 (Rs.56100-177500) in the pay matrix.	Not applicable.

Age-limit for direct recruits.	**Educational and other qualifications required for direct recruits.**
(6)	**(7)**
Not exceeding 35 years (relaxable for Government servants up to five years in accordance with instructions or orders issued by central government). **Note:** The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Union Public Service Commission.	**Essential:** (a) Master's Degree in Veterinary Science or, in Veterinary Science and Animal Husbandry from a recognised university or institute; and (b) three years' experience in the field of Microbiology or Bacteriology or Virology or Parasitology or Mycology. **Note 1:** The qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission for reasons to be recorded in writing, in case of candidates otherwise well qualified. **Note 2:** The qualifications regarding experience are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission, for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes if at any stage of selection, the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	**Period of probation, if any.**	**Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.**
(8)	**(9)**	**(10)**
Not applicable.	Two years for direct recruitment. **Note:** There shall be a mandatory Induction training of at least two weeks duration for successful completion of probation as prescribed by the Central Government.	By direct recruitment **Note: -** Vacancies caused by the incumbent being away on deputation or long illness or study leave or under other circumstances for a duration of one year or more may be filled on deputation basis from officers of Central Government: (a) (i) holding analogous posts on regular basis; or (ii) with two years' regular service in posts in level-9 (Rs.53100-167800) in the pay matrix; and (b) possessing the qualifications and experience prescribed for direct recruits under column (7).

In case of recruitment by promotion or by deputation/ absorption, grades from which promotion or deputation/ absorption to be made.	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.
(11)	(12)	(13)
Not applicable.	Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consists of: 1. Joint Secretary concerned of the Ministry of Health and Family Welfare. - Chairman; 2. Deputy Director General concerned or the Director (AV) - Member; 3. Director, National Centre for disease Control -Member.	Consultation with Union Public Service Commission is necessary.

[F. No. A.12018/1/2019-PRC(DAD/Veterinary)]

ASHOK KUMAR PAL, Under Secy.

नई दिल्ली, 18 जून, 2026

सा.का.नि. 122.— राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और नर्सिंग कॉलेज, नई दिल्ली (श्रेणी III पद) के भर्ती नियम, 1971 को, जहां तक उनका संबंध प्रवर श्रेणी लिपिक के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या जो की जाने से छूट गई है, राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग कॉलेज नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में प्रवर श्रेणी लिपिक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग कॉलेज नई दिल्ली में प्रवर श्रेणी लिपिक (समूह 'ग' पद), भर्ती नियम, 2026 है।

   (2) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

